# मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

## अधिसूचना

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, पूर्वी क्षेत्रीय समिति 15 नीलकंठ नगर, नयापल्ली, भुवनेश्वर (उड़ीसा) के क्षेत्रीय निदेशक के पत्रांक ER213.6(i).15/ERCAPP3861/B.Ed (Addl. Intake) 2016/48311 दिनांक 2/05/16 के द्वारा स्वीकृत की गयी मान्यता के आलोक में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अभिषद की दिनांक 05.07.2017 को आहूत बैठक के मद संख्या 47 पर पारित प्रस्ताव के आलोक में प्रस्तावित माँ कमला फ्रिज़ा जी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज जहानाबाद को द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में सत्र 2016-17 से 200 सीटों के साथ नामांकन की स्वीकृति एन.सी.टी.ई. की मान्यता जारी रहने तक निम्नलिखित शर्तों के साथ दी जाती है

1. प्रथम श्रेणी के दण्डाधिकारी के सम्मुख लिये गये शपथ-पत्र पर महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा उल्लेख होगा कि एन.सी.टी.ई./राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत निर्देश/मानकों (संलग्न : अनुलग्नक - I) का अनुपालन किया जा रहा है। इस संदर्भ में पत्र प्राप्ति के पन्द्रह दिनों के अंदर अनुपालन करने की सुनिश्चितता को इंगित कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा विश्वविद्यालय विधि-सम्मत कार्रवाई प्रवृत्त कर सकेगा।
2. एन.सी.टी.ई. के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप महाविद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों की नियुक्ति की है एवं उनकी आधार संख्या एवं पैन संख्या अभिलेखित की जा चुकी है।
3. महाविद्यालय प्रबंधन केन्द्र सरकार द्वारा निर्देशित ई.पी.एफ. की सुविधा कॉलेज में कार्यरत सभी कर्मियों को प्रदान करेगा।

अभिषद के द्वारा संबंधन की स्वीकृति औपबंधिक होगी एवं उक्त संबंधन बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (यथापरिवर्तित) की धारा 21(2)(d) में वर्णित प्रावधानों के अधीन होगा।

विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर नियमानुसार उच्च स्तरीय जाँच दल द्वारा महाविद्यालय की शैक्षणिक तथा प्रबंधकीय गुणवत्ता की जाँच करायी जाती रहेगी, जिसमें महाविद्यालय प्रबंधन पूर्ण सहयोग करेगा।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

ह०/-

कुलसचिव

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

ज्ञापांक GS(I)/4093/17 दिनांक 25/08/17

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित-

1. सचिव/प्राचार्य, माँ कमला फ्रिज़ा जी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, जहानाबाद
2. सहायक कुलसचिव, पंजीयन शाखा, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
3. परीक्षा नियंत्रक, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
4. निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, नया सचिवालय, पटना 800001
5. प्रभारी शाखा कार्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना।
6. विशेष कार्य अधिकारी (विश्वविद्यालय), राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, पटना।
7. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, पूर्वी क्षेत्रीय समिति 15 नीलकंठ नगर, नयापल्ली, भुवनेश्वर (उड़ीसा)।

[signature] 25.08.17

कुलसचिव

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

[signature] 25/8/17

CS Scanned with CamScanner